प्रेस नोट थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर दिनांक 10.06.2025

हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा, 02 अदद खोखा कारतूस, 04 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद मिस कारतूस व 01 अदद मोटर साइकिल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा हत्या संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 180/25 धारा 103(1), 3/5 बी0एन0एस0 से संबंधित वांछित अभियुक्त जुगुल निषाद को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया। घटनास्थल में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा, 02 अदद खोखा कारतूस, 04 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद मिस कारतूस व 01 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तरी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मु0अ0सं0 184/2025 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण.

दिनांक 07.06.2025 को वादी के भाई की अभियुक्तों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 180/25 पंजीकृत किया गया था। मृतक व अभियुक्त के मध्य पूर्व में गाँव की जमीन को लेकर विवाद था।

दिनांक 09.06.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे मुख्य अभियुक्त जुगुल निषाद उपरोक्त को थाना क्षेत्रान्तर्गत बेलीपार से बांसगांव की तरफ दो पहिया वाहन से जाते देखा गया। क्षेत्राधिकारी बांसगांव व स्थानीय पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को रोकने की कोशिश की गयी तो उसके द्वारा पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी गयी। पुलिस बल द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई जिसमें अभियुक्त घायल हो गया। अभियुक्त को घटनास्थल (मुठभेड़) मे प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा .12 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस .12 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर व 01 अदद मिस कारतूस .12 बोर व एक मोटरसाइकिल (अपाचे) बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। दवा ईलाज हेतु अभियुक्त को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

जुगुल निषाद पुत्र भूखल निषाद निवासी ग्राम भरवल थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

1. मु0अ0सं0 180/25 धारा 103(1) बी0एन0एस0 थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
2. मु0अ0सं0 184/25 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

01 अदद अवैध तमंचा, 04 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद मिस कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस व 01 अदद मोटरसाइकिल

<u>गिरफ्तारी की टीम-</u>

1. क्षेत्राधिकारी बॉसगांव दरवेश कुमार
2. थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
3. व0उ0नि0 विन्ध्याचल शुक्ला थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
4. उ0नि0 कविन्द्रनाथ सिंह थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
5. उ0नि0 विनय कुमार सिंह थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
6. उ0नि0 हिमांशु तिवारी थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
7. उ0नि0 दिग्विजय सिंह थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
8. हे0का0 लालजी पासवान थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
9. का0 विनोद यादव थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
10. का0 प्रवीण यादव थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
11. का0 अक्षय चौहान थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
12. का0 जयप्रकाश यादव थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर
13. का0 राकेश यादव थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर